संक्षिप्त समाचार

पूनियां और गुर्जर को प्रत्याशी बनाने पर खुशी, विधायक ने बांटे लड्डू

झुंझुनूं (सीमा सन्देश संवाददाता)। राज्यसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान से अपने दो उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने वरिष्ठ नेता सतीश पूनियां और राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर को राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। सतीश पूनियां वर्तमान में हरियाणा भाजपा के प्रभारी हैं। जबकि अलका गुर्जर पार्टी की राष्ट्रीय सचिव के रूप में जिम्मेदारी निभा रही हैं। भाजपा नेतृत्व की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा के बाद झुंझुनूं में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भाम्बू की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने जश्न मनाया तथा मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों नेताओं को राज्य सभा भेजने का फैसला संगठन को मजबूती देने वाला साबित होगा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि सतीश पूनियां और अलका गुर्जर लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और उनके अनुभव का लाभ पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा। झुंझुनूं में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच इस घोषणा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर चिड़ावा पंचायत समिति के निवर्तमान प्रधान रोहिताश्व धांगड़, नगर परिषद झुंझुनूं के निवर्तमान पार्षद अशोक प्रजापति, विनोद जांगिड़ टिल्लू, विधायक के निजी सचिव कुलदीप जांगिड़, भाजपा नेता मुकेश पातुसरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं परिंडे अभियान का शुभारंभ

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश संवाददाता)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा)की कानोरिया कॉलेज इकाई की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया।इकाई अध्यक्ष प्राचार्य डॉ बीडी शर्मा के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में अशोक के पौधों का रोपण किया गया तथा भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा पूर्व में लगाए गए पुराने परिंडो की साफ . सफाई करके उनमें भी पानी डाला गया। इस दौरान इकाई सदस्य दीनदयाल,मांगू सिंह शेखावत,राजेश कुमार सैनी,विद्याधर वर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने का संकल्प लेते हुए आमजन से भी अपने घर,संस्थान एवं सार्वजनिक स्थानों पर अधिकाधिक परिण्डे एवं पेड़ लगाने का आह्वान किया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया

पिलानी (सीमा सन्देश संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान अन्तर्गत श्रीमती प्रियंका बुडानिया अधिशाषी अधिकारी एवं सनी भांबू अधिशाषी अधिकारी पिलानी के नेतृत्व में नगर पालिका विद्या विहार एवं नगर पालिका पिलानी द्वारा संयुक्त रूप से दोनों पालिकाओं क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कैलाश मेघवाल जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति सदस्य, राजीव सिंह शेखावत पूर्व जिला अध्यक्ष, मुरली मनोहर शर्मा मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम प्रमुख, हर्षवर्धन सिंह नगर मण्डल अध्यक्ष पिलानी, नरेन्द्र सिंह राठौड़ पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष पिलानी, हीरा लाल नायक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका पिलानी, श्रीमती बिरमा देवी संदीप पूर्व प्रधान पिलानी, पृथ्वीसिंह बालापोता पूर्व पार्षद, धर्मेंद्र गुड्डू नेहरा किसान मोर्चा जिला महामंत्री महामंत्री झुंझुनूं, पूर्व पार्ष नरेन्द्र गुर्जर अनिल महला, श्रीमती प्रमिला रावत, श्रीमती अनुजा, श्रीमती सुमन बेनीवाल, छोटेलाल वर्मा, एवं नगर पालिका विद्या विहार एवं पिलानी के समस्त कार्मिक गण उपस्थित रहें।

डूंडलोद में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश संवाददाता)। डूंडलोद मे विश्व पर्यावरण दिवस पर तिबारेवाले बालाजी सेवा समिति की ओर से पौधारोपण किया गया। समिति की ओर से झुंपा बस स्टैंड डिवाइडर पर पौधे लगाकर उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली गई।समिति सचिव अशोक अग्रवाल ने बताया कि मंदिर की सुचारू व्यवस्था बनाने,गौ सेवा, पक्षियों के लिए परिंदे लगाने,पर्यावरण के लिए पेड़ पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण करने सहित अनेक सामाजिक कार्य करना ही समिति का उद्देश्य है। इस अवसर पर इस अवसर पर महेश कुमार अग्रवाल ,संजय नायक मनीराम चौधरी,जितेंद्र सैनी ,रतन सिंह खींची ,भवानी सिंह खींची,शेर सिंह धाबाई आदि मौजूद रहे।

पर्यावरण दिवस पर बुगाला गोशाला में किया पौधारोपण

नवलगढ़ (सीमा सन्देश संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुगाला की पंडित गणेश नारायण सुरभि गोशाला में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए टर्मिनिया एवं कुनु कार्ल्स प्रजाति के पौधे लगाए गए। उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। गोशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गौसेवकों एवं ग्रामीणों ने पौधरोपण कर हरित वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कैप्टन महेश बुगालिया ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की मांग है। इसके साथ ही उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है।

भव्य वृक्ष मित्र सम्मान समारोह आयोजित

डूंडलोद में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष मित्र का किया सम्मान

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुन्दगढ़। डूंडलोद फाटक स्थित गुरुकृपा उद्यान बाग एवं पौध नर्सरी के सौजन्य से ऑक्सीजन जन आंदोलन-एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के तहत वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भव्य वृक्ष मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारीए झुंझुनूं सहित उपस्थित अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं वृक्षारोपण के महत्व पर विचार व्यक्त किए। अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। समारोह में आत्माराम, सीबीईओ नवलगढ़, बनवारीलाल नेहरा, सेवानिवृत्त सीबीईओ खंडेला, डॉ केडी यादव, डॉ. दयाशंकर जांगिड़, कुलदीप पूनिया एसीबीईओ नवलगढ़, सुभाष चंद्र भूत, रामदेव भाम्मू, अमित शर्मा सीए, सुभाष चंद्र कृषि अधिकारी झुंझुनूं, बजरंग सिंह कृषि पर्यवेक्षक चेलासी, रोहिताश ढाका सहायक निदेशक कृषि विभाग झुंझुनूं, कमल कुमार प्रबंधक एसबीआई मुकुंदगढ़, बीरबल सिंह गोदारा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वृक्ष मित्रों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में श्रवण कुमार फगेडिया भदवासी, संतकुमार मीणा, उमेश कुमार माथुर, सुनीता शर्मा, संपत बुगालिया, मनोज कुमार रूंनला, राजू सैनी, नेकीराम पूनिया, बलवीर चौधरी, संतोष पिलानिया, मुकेश कुमार जाखड़, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र पूनिया, अशोक कुमार ढाका, नरेश कुमार टेलर, रवि नायक एवं बलवीर धायल सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी शामिल रहे।

कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सिंह बुगालिया ने किया। इस दौरान भामाशाह संजय कुमार सैनी का सभी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। वहीं वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ एवं कुलदीप पूनिया का स्वागत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा पे किया। संजय कुमार सैनी को भी अतिथियों ने साफा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों को पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया।

जयदयाल सैनी शेखावाटी संभाग संरक्षक नियुक्त

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा रजिस्टर्ड राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. महेश कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए जयदयाल सैनी पुत्र शिव नारायण सैनी वार्ड 17 झुंझुनूं रोड कॉलेज मैदान के पास चिड़ावा राजस्थान को शेखावाटी संभाग संरक्षक नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति पत्रकार सुभाष चौबदार प्रदेश मीडिया प्रभारी राजस्थान की अनुशंसा पर की गई। आपके सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण को देखते हुए सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा राजस्थान की कार्यकारणी में जून 2026 से अगले दो साल के लिए ये नियुक्ति दी गई है। इन आशाओं के साथ आप आगे भी राष्ट्रहित और समाज हित में ईमानदारी से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों व परिजनों ने शुभकामनाएं दीं।

विश्व पर्यावरण दिवस पर नवलगढ़ में पौधारोपण एवं परिंडा अभियान का शुभारंभ

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुशील पारीक के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कस्बे के मुरारका गार्डन में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण एवं पक्षियों के लिए परिंडा बांधने का अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस सेवादल के अयूब बिलू तथा जिला कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लोकेश जांगिड़ ने पौधारोपण कर एवं पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर अभियान का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना भी मानवता का महत्वपूर्ण दायित्व है। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गुर्जर, पार्षद प्रदीप शर्मा, महेंद्र सैनी, अनिल शर्मा, विजय वाल्मीकि, प्रमोद शर्मा, यूथ कांग्रेस के अनिल सैनी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष जयवीर गुजराती, भूपेश पारीक, अख्तर बारुदगरान, छात्र नेता अरुण शर्मा, आदिल खत्री, मनोज गुर्जर, अंकित दाधीच, रामगोपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पक्षियों के लिए परिंडे बांधने की अपील की गई।

कानोरिया कॉलेज के आठ छात्रों का भारतीय सेना में चयन होने पर किया सम्मान

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुंदगढ़। कानोरिया कॉलेज के आठ छात्रों का भारतीय सेना में चयन होने पर कॉलेज परिसर में पुष्पाहार पहनाकर सम्मान किया गया।प्राचार्य डॉ बीडी शर्मा ने बताया कि कॉलेज के कैडेट्स अमित सिंह,यश चेजारा,पीयूष कुमार,करण गढवाल,अनिल कुमार,अंकित सिंह,दिनेश कुमार व छात्र अभिषेक का भारतीय सेना मे चयन हुआ है।उन्होने बताया कि 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर द्वारा आयोजित एटीसी कैम्प में कॉलेज के एनसीसी अधिकारी राजेश कुमार सैनी के नेतृत्व में कैम्प के दौरान कॉलेज कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया एवं कैडेट नरेन्द्र कुमार ने वॉलीबॉल में स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया तथा कैडेट अंकित सिंह को कैम्प में कैडेट्स कम्पनी का सफल नेतृत्व करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ बीडी शर्मा, संस्था सहसचिव विकास कुमार बुद्धिया,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दीनदयालए,रोवर लीडर मांगू सिंह शेखाव,रितु शर्मा,खेल प्रशिक्षक राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।कैडेट्स की इस उपलब्धि पर कानोरिया चैरिटेबल सोसायटी चेयरमैन केके कानोरिया,सोसायटी सचिव अरविन्द एम शाह,संस्था सचिव टी ढ़ांचोलिया,बीएड कॉलेज प्राचार्या डॉ मनोज,गर्ल्स बीएड कॉलेज प्राचार्या डॉसुमित्रा,कानोरिया उच्च माध्यमिक विद्यालय (हिन्दी)प्रधानाचार्य सुशील कुमार सैन,कानोरिया सीसै स्कूल (अंग्रेजी)इंचार्ज श्रीमती पिंकी बरासा ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जन्मदिवस पर पौधारोपण के साथ पार्क में रोशनी व्यवस्था की

झुंझुनूं (सीमा सन्देश संवाददाता)। बीबाणी विकास समिति एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में महावीर इंटरनेशनल सीकर झुंझुनूं जोन चेयरमैन डॉ. एसएन शुक्ला एवं पोती परी बिटिया (दादा पोती) के जन्म दिवस पर बीबाणी मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण किया गया व पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पोस्टर का विमोचन किया। पार्क व मंदिर परिसर में 17 एलईडी लाइटें लगाई गई। जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर डॉ. एसएन शुक्ला को माला दुपट्टा व फूलों का गुलदस्ता भेंट किया व मिठाई खिलाकर बधाइयां प्रेषित की। कार्यक्रम में एकत्रित समस्त महानुभावों को प्लास्टिक से मुक्ति जल संरक्षण व पौधारोपण के बारे में विस्तार से बताया। पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विकास समिति ने मीटिंग में बीबाणी के उत्थान के लिए व बीबाणी मुक्तिधाम को हरा भरा बनाने जैसे काफी मुद्दों व बीबाणी मुक्तिधाम को और सुसज्जित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. एसके भार्गव, डॉ. एसएन शुक्ला, एडवोकेट हरीश जोशी, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, ओमप्रकाश ककरानिया, महेश कुमार मूंड, वीरा आरती देवी मूंड, सुलोचना देवी, सविता देवी, सरोज, सरला दूग्गड़, प्रमोद कुमार, राजकुमार सोनी, रवि कुमार, सीताराम सैनी, सुनिल सैनी, विकास शुक्ला, बालकिशन भूकानिया, विकास राणासरिया, हरिश जोशी, आनंद राणासरिया, रतन जांगिड़, लाला टेलर, राजेश शर्मा, विनोद टीबड़ा, महेश सैनी, सुभाष पंसारी, योगेंद्र, भरत कुमार तुलस्यान, सुमेरसिंह कर्णावत, सुभाष जोशी, राजेंद्रप्रसाद जोशी, संजय शर्मा, प्रकाश पुरोहित, विकास राणासरिया, पंकज जालान काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

श्री ठड्डे वाले बालाजी को लगाया आमरस का भोग

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुन्दगढ़। मुकुन्दगढ़ के बस स्टैंड रोड स्थित प्राचीन मंदिर श्री ठड्डे वाले बालाजी मंदिर परिसर में गुरुवार शाम को आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अधिकमास के पावन अवसर पर भक्तगणों व कार्यकर्ताओं की ओर से आयोजित विशेष भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम के तहत गुरुवार रात को सवा आठ बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम बालाजी को ऋतुफल आम के रस का विशेष भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। भोग के बाद मंदिर प्रांगण में भक्तों को पंगत में बिठाकर बड़े ही प्रेमभाव से ठंडे आमरस का प्रसाद खिलाया गया। भीषण गर्मी में शीतल आमरस पाकर श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने जय श्री बालाजी के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। प्रसाद वितरण के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में भाग लिया। इसके बाद देर रात तक चली भजन संध्या में स्थानीय भजन गायकों ने संकट मोचन नाम तिहारो, बालाजी का दरबार निराला जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। मंदिर के पुजारी पंडित सुभाष शर्मा ने बताया कि अधिकमास भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है और इस माह में किए गए धार्मिक अनुष्ठान का फल कई गुना मिलता है। उन्होंने कहा कि आज भक्तों ने बड़े भाव से बाबा को आमरस का भोग लगाया है। इस धार्मिक आयोजन में मुकुंदगढ़ सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।

पोदार बी.एड कॉलेज में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ़ की ओर से संचालित सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नवलगढ़ में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बी.एड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों ने पोस्टर निर्माण के माध्यम से जल, वायु, भूमि तथा प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षण करने का संदेश दिया। समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने पोस्टर निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए बी.एड. महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. दुर्गा भोजक एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों के समक्ष अधिक से अधिक पौधारोपण करने और पौधो की देखभाल करने, जल संरक्षण करने, उर्जा संरक्षण करने, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं प्लास्टिक एवं अन्य प्रदूषण फैलाने वाली वस्तुओं का कम से कम उपयोग करने का संकल्प लिया।

मंच संचालन प्रो. सविता कुमारी ने किया। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार एवं अधिशाषी दिशक एम. डी.शानभाग ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

उपभोक्ता आयोग झुंझुनूं में शीतल जल मंदिर का निर्माण प्रगति पर

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। न्याय सबके लिए और उपभोक्ता की आवाज को प्राथमिकता देते हुए, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं न केवल त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रहा है, बल्कि फरियादियों की सुविधाओं के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहा है। मानव कल्याण और आमजन की सेवा के पुनीत उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील की सकारात्मक सोच और प्रेरणा से एक सराहनीय पहल की गई है। इस पहल के तहत लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. जेसी जैन स्मृति विश्राम स्थल का निर्माण करवाया जा रहा है। यह निर्माण कार्य स्वर्गीय डॉ. कुंदन बाला जैन एवं स्वर्गीय डॉ. जेसी जैन की स्मृति में उनके परिजनों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान एवं एमजेएफ लॉयन नरेन्द्र व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता आयोग परिसर में आने वाले फरियादियों को भीषण गर्मी और धूप से राहत दिलाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं इस संदर्भ में शुक्रवार अपराह्न पांच बजे आयोग अध्यक्ष मनोज मील एवं कार्यक्रम संयोजको ने दोनों कार्यों का अवलोकन भी किया।

जिला सतर्कता समिति में सदस्य बनने पर विश्वंभर पूनियां का स्वागत

बोले- आमजन की समस्याओं के समाधान को देंगे प्राथमिकता

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। राज्य सरकार की ओर से जिला स्तरीय सतर्कता समिति में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वंभर पूनियां का कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें मालाएं पहनाकर बधाई दी गई और उनके मनोनयन पर खुशी व्यक्त की गई। पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार तथा भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रमुख पुरुषोत्तम खाजपुरिया के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने पूनियां का अभिनंदन किया। कार्यकताओं ने इसे पार्टी नेतृत्व द्वारा उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण का सम्मान बताया। इस अवसर पर विश्वंभर पूनियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने उन पर जो विश्वास जताया है। उस जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला सतर्कता समिति जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्य करती है और इसका उद्देश्य आमजन से जुड़े मुद्दों तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करना है। पूनियां ने कहा कि वे जिले के लोगों की समस्याओं को समिति के समक्ष मजबूती से रखेंगे तथा उनके त्वरित समाधान के लिए प्रयास करेंगे। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे। इसके लिए भी समिति के माध्यम से प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर प्रदीप शर्मा बगड़, भाजपा के जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, पूर्व पार्षद कुलदीप पूनियां, जयप्रकाश सुरा, सुरेश ठेकेदार, पंकज टेलर, कपिल सोनी, ज्योतिप्रकाश शर्मा, विकास जनेवा, गोपाल सैन, मोनू शर्मा, अर्जुन महला आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के जन अभाव अभियोग निराकरण विभाग ने जिला सतर्कता समिति में 10 गैर-सरकारी सदस्यों को मनोनीत करने के आदेश जारी किए हैं। समिति में पूनियां के अलावा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व सभापति खालिद हुसैन, चिड़ावा के पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, अलसीसर की पूर्व प्रधान विमला चौधरी, लांबी अहीर की प्रशासक नीरू यादव, दोरासर के प्रशासक दिलीप कुमार मीणा, फुसकानी के पूर्व सरपंच बृजेश यादव तथा पिलानी नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रोहिताश सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। पूनियां के मनोनयन को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और इसे संगठन एवं सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली - 110025 सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी किए गए विभिन्न अनुरोधों और व्यक्तिगत नोटिसों सहित कई नोटिसों के बावजूद, उनके द्वारा बैंक से लिए गए स्वर्ण ऋणों का समायोजन नहीं किया गया है। सभी उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार नीलामी का समय सुबह 11:00 बजे उस शाखा परिसर में निर्धारित किया गया है जहाँ से ऋण लिया गया था। उधारकताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी की तिथि 15.06.2026, सुबह 11:00 बजे है।

क्रम स.	शाखा	खाता संख्या	खाता धारक का नाम
1	पूणे तिलक रोड	1042425149992	प्रेम एन खंडपुर

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी से किसी भी खाते को हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**